# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर-दिसम्बर 2022

## परीक्षा का नाम : विशारद पूर्ण (प्रथम प्रश्नपत्र)

## विषय : तबला / पखावज

दि. 20/11/2022 समय : 3 घंटे (सुबह 9 से 12) कुल अंक : 75

सूचना : 1) प्रश्न क्र. 2 अनिवार्य है ।
2) अन्य छः प्रश्नों में से चार प्रश्न हल किजिए ।
3) सभी प्रश्न के अंक समान है ।

प्रश्न 1 अ) जोडियाँ लगाइए। (10)

| | |
|---|---|
| A) द्रूत | A) मिश्रजात |
| B) ताली | B) आधीमात्रा |
| C) धागेत तिना किन | C) खुलाबाज |
| D) धिटतिट क्रधातिट | D) धिं |
| E) $\frac{1}{2}$ मात्रा | E) फरुखाबाद |
| F) स्वरमय अक्षर | F) बनारस |
| G) उस्ताद अमिर हुसेन | G) त्रक |
| H) धिक्-धिना तिरकिट | H) धतितधाग |
| I) ऱ्हस्व अक्षर | I) झाला |
| J) $1\frac{1}{4}$ मात्रा | J) सशब्द क्रिया |

ब) सही और गलत पहचानकर वाक्य दुरुस्त करे। (5)

1) विलंबीत एकताल 48 मात्रा का होता है।
2) बनारस दिल्ली का शागीर्द घराना है।
3) त्रिताल मे 4 मे 5 लयकारी-दादरा बजाना उचीत होगा।
4) तत्कार ये प्रकार सितार पर विलंबीत लय मे बजाया जाता है।
5) ठुमरी, दादरा, टप्पा ये सुगम संगीत के प्रमुख प्रकार है।

**प्रश्न 2 लिपी बध्द करे। (कोई तीन)** **(5X3=15)**

1) 16/12 मात्रा की ताल में एक नौहक्का तिहाई ।

2) चौताल में एक दमदार तिहाई तथा धमार में एक बेदम तिहाई । (सम से सम तक)

3) 9 मात्रा की ताल में एक फरमाईशी चक्रदार । (संपूर्ण चक्रदार लिखें)

4) पाठ्यक्रम में से किसी भी ताल की तिगुन और चौगुन पं. पलुस्कर ताललिपी में ।

5) 16 मात्रा की ताल में फरमाईशी चक्रदार का केवल एक पल्ला लिखकर उसी चक्रदार को कमाली में परिवर्तन करते हुए वह चक्रदार संपूर्ण लिखें ।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित संज्ञाऔ का भेद स्पष्टीकरण सोदाहरण समझाइयें। (कोई 3)** **(5X3=15)**

1) चक्रदार तिहाई – नौहक्का तिहाई

2) रेला – गतांग रेला

3) गततुकडा – फरमाईशी गततुकडा

4) पेशकार – दिल्ली वादन विचार तथा फर्रुखाबाद वादन विचार

**प्रश्न 4 वर्तमान में तबला/पखावज के रियाज हेतु 'आदर्श रियाज पध्दती' कैसी होनी चाहिए, इस विषय में अपने विचार प्रकट करते हुए आप 'पेशकार' का रियाज किस तरह से करेंगे, सोदाहरण समझाइए ।** **(9+6=15)**

**प्रश्न 5 सोदाहण परिभाषा लिखिए। (कोई 3)** **(5X3=15)**

1) चौपल्ली गत 2) फरमाईशी गत

3) लडी 4) उठान 5) रौ

प्रश्न 6 11/14 मात्रा की ताल में एक रेला, 4 पलटे तथा तिहाई के साथ लिपिबध्द करें। (15)

या (OR)

कर्नाटक एवं उत्तर भारतीय ताल पध्दति का सोदाहरण अध्ययन विस्तृत रुप में लिखें।

प्रश्न 7 'धीरधीर किटतक तकीट धाऽऽ' इस बोलपंक्ति का उपयोग करते हुए कोई 2 अलग-अलग पूर्वसंकल्पित रचनाओं को पूर्णरुपसे लिपिबध्द कीजिए तथा उन रचनाओं (संज्ञा) के नाम भी लिखें। (15)

या (OR)

ताल के दश प्राणों के नाम लिखकर उनमें से क्रिया, अंग, जाति यति का विस्तृत स्पष्टीकरण लिखें। (15)